## महत्वपूर्ण एवं खास

### पूर्व सांसद श्रीमती रजनीगंधा सिंह का निधन

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व लोकसभा सदस्य श्रीमती रजनीगंधा सिंह का आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थी । श्रीमती रजनीगंधा सिंह वर्ष 1967 में चौथी लोकसभा के लिए छत्तीसगढ़ के रायगढ़ क्षेत्र से कांग्रेस की सांसद निर्वाचित हुई थी। वे तत्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके छत्तीसगढ़ की ही सारंगढ़ रियासत के राजा नरेशचंद्र सिंह की ज्येष्ठ पुत्री और पूर्व मंत्री श्रीमती कमलादेवी सिंह, रायगढ़ की पूर्व सांसद पुष्पा देवी सिंह तथा डॉ.मेनका देवी सिंह की बड़ी बहन थी।

### तीजा मनाने मायके गई पत्नी के चरित्र पर शंका कर पति ने अपने दोनों बेटे पर चाकू से किया जान लेवा हमला

**» स्वयं पर मिट्टी तेल उड़ेलकर किया आत्महत्या का प्रयास**

**रायपुर (आरएनएस)।** पत्नी की चरित्र पर शंका के चलते पति ने अपने दोनों बेटों को जान से मारने की नियत से चाकू मारकर घायल कर दिया एवं स्वयं पर मिट्टी तेल छिड़ककर अग्नि स्नान कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने 112 पुलिस वाहन को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने ईलाज के लिए डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकेन्द्र निषाद 14 वर्ष पिता शंकर निषाद ने धरसींवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार की देर रात्रि सड्डू धरसींवा रायपुर निवासी प्रार्थी का पिता शंकर निषाद ने पत्नी (ललिता निषाद) के मायके चले जाने पर उसके चरित्र पर शंका करके अपने बेटे टिकेन्द्र निषाद जो कक्षा 8वीं में पढ़ता है। उसे जान से मारने की नियत से चाकू से गले पर वार कर चोट पहुचाया। वहीं छोटे बेटे एश्वर्य को जान से खत्म कर दूंगा कहकर चाकू से गला में वार किया जिससे उसको चोंट आई व स्वयं आत्महत्या करने के लिये घर में रखे मिट्टी तेल को खुद पर छिड़कर आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया जिसके बाद आरोपी व दोनों ब÷ों डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की रिपोर्ट कर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ धारा 307, 309 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार टेंकर ने बाईक सवार को मारी टक्कर, पुत्र की मौत पिता घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के टाटीबंध चौक में एक बार फिर रोड एक्सीडेंट में बाईक सवार पिता पुत्र को तेज रफ्तार टेंकर ने अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते पिता गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के जुर्म में मर्ग कायम कर गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के टाटीबंध चौक में भिलाई निवासी वाजिद शाह अपने पिता बुलंदशाह के साथ बाईक से रायपुर आ रहा था तभी तेज रफ्तार टेंकर ने पिता पुत्र को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते पुत्र वाजिद शाह की मौत हो गई वहीं पिता बुलंद शाह के गंभीर रूप से घायल होने के चलते आमानाका थाना पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं टेंकर वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सिंचाई के लिए 22.55 करोड़ स्वीकृत तीन सिंचाई सुविधा विस्तार से 3 हजार 7 सौ हेक्टेयर क्षेत्र होगा सिचिंत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा प्रदेश के तीन सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण और विस्तार के लिए 22 करोड़ 55 लाख 29 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है। इन परियोजना के निर्माण एवं विस्तार से प्रदेश में 3 हजार 783 हेक्टर क्षेत्र के सिंचाई रकबे में वृद्धि होगी। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के विकासखण्ड मरवाही की दर्री व्यपवर्तन योजना के निर्माण के लिए 18 करोड़ 73 लाख 32 हजार एवं जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड-पामगढ़ की हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत शिवरीनारायण वितरक नहर के आर. डी. 12000 मीटर से 15000 मीटर तक टो वाल निर्माण कार्य हेतु एक करोड़ 78 लाख 82 हजार तथा बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड अंतर्गत केकरार जलाशय के जल भराव हेतु फिडर नहर निर्माण एवं नहर मरम्मत तथा स्ट्रक्चर्स का पुनःनिर्माण कार्य के लिए दो करोड़ तीन लाख 15 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 48 शिक्षक होंगे सम्मानित

**» आठ स्कूलों को मिलेगा उत्कृष्ट विद्यालय पुरस्कार**

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 48 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 44 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान और 4 शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है।

समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार 2018 के लिए चयनित 44 शिक्षकों में से प्रत्येक को 21 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश की महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।




राज्य स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय चयन समिति द्वारा वर्ष 2018-19 के लिए 8 उत्कृष्ट शाला भी घोषित किए गए है।

इन स्कूलों को भी शिक्षक दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्तर के दो-दो स्कूलों का चयन किया गया है। प्रत्येक प्राथमिक शाला को 10 हजार रूपए, पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल को 15-15 हजार और हायर सेकेण्डरी स्कूल को 25 हजार रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## दंतेवाड़ा उपचुनावः भाजपा आज-कल में कर सकती है उम्मीदवार की घोषणा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा आज-कल में उम्मीदवार की घोषणा कर सकती है। दंतेवाड़ा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने श्रीमती देवती कर्मा के नाम की घोषणा कर चुकी है। इसे देखते हुए अब संभावना जतायी जा रही है कि भाजपा भी आज-कल में अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर सकती है। भाजपा सूत्रों की मानें तो दंतेवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा यहां के पूर्व विधायक स्वर्गीय भीमा मंडावी के परिवार में से किसी सदस्य को उम्मीदवार बना सकती है। ज्ञात हो कि स्व. भीमा मंडावी की नक्सली हमले में मौत हुई थी। उनकी मौत के बाद ही दंतेवाड़ा सीट में उपचुनाव की स्थिति बनी है। ऐसे में भाजपा चाहेगी कि स्व. भीमा मंडावी के परिवार के किसी सदस्य को अगर उम्मीदवार बनाया जाए तो चुनाव में लाभ मिल सकता है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार देवती कर्मा के पुत्र छबिन्द्र कर्मा ने पहले ही भाजपा पर कटाक्ष करते हुए यह कह चुके है कि अगर भाजपा सोच रही होगी कि दंतेवाड़ा की जनता से उन्हें सहानुभूति मिलेगी तो वे गलत सोच रहे है।

## एसबीआई घोटाले के खिलाफ भाजपाईयों ने किया धरना प्रदर्शन

**सुकमा (आरएनएस)।** स्टेट बैंक के जांच लोन घोटाले को लेकर पीडित करेंगे एसबीआई बैंक के सामने 1 दिवसीय धरना प्रदर्शन एस.डी.एम. के नाम सौंपा ज्ञापन । भाजपा करेगी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन। सुकमा जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज देव ने कहा कि सुकमा स्टेट बैंक, सुकमा पुलिस व शासन-प्रशासन इस मुद्दे को कमतर आंक रही है। सुकमा पुलिस प्रशासन ,जिला प्रशासन, राज्य सरकार व स्टेट बैंक के जांच अधिकारियों से अपील है कि मामले को गंभीरता से लेकर इसकी गहराई में जाये और दोषियों को सजा दिलाने व पीड़ितो को उनकी ऋ ण की राशि वापस दिलवाये। इस मुद्दे पर देव ने कहा कि सुकमा स्टेट बैंक अपनी बदनामी के डर से इस मामले को कमतर आंक रही है और इस मामले में 100 से अधिक पीड़ित है। कई पीड़ितों ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज भी कराया है।

## ऋण दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवक-युवतियों से लाखों की ठगी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** बेरोजगार युवक युवतियों को फायनेंस कंपनी से ऋण दिलाने का झासा देकर लाखों रूपये की ठगी किए जाने की रिपोर्ट पंडरी थाने दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेम नगर मोवा पंडरी निवासी सागर विश्वकर्मा 22 वर्ष पिता आनंदी विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कांपा में किराये के मकान में रहने वाले अमर कुमार तांडी जो मूलतः डूमरपाली पिथौरा का रहने वाला है उनके माध्यम से प्रार्थी का जान पहचान दुष्यंत सिंह उर्फ दुर्गेन्द्र कुमार कठौलिया कराया दुष्यंत सिंह उर्फ दुर्गेन्द्र कुमार कठौलिया हम लोगों को बताया कि वह फायनेंस कंपनी से रोजगार के लिए ऋण दिला सकता है पहले




कुछ रकम जमा करना पड़ेगा दुष्यंत सिंह उर्फ दुर्गेन्द्र कुमार कठौलिया को दिनांक 12 जुलाई 2019 को अपने 8 हजार रूपये नगदी और 9 हजार रूपये बैंक एकाउंट पंजाब नेशनल बैंक के खाता क्रमांक 0120000102710954 में जमा करवाया वहीं अन्य लोगों को कु. मंजू साहू पिता स्व. बिसाहू राम साहू से अमर तांडी को कचहरी चौक के पास 23 हजार रूपये नगदी दिया। दुष्यंत सिंह उर्फ दुर्गेन्द्र कुमार कठौलिया को 23 जुलाई 2019 को अकाउन्ट नंम्बर 031801525340 व 20012894301 दोनों अकाउन्ट में 7 हजार 5 सौ रूपये जमा करवाया। शंकर सिंह चौहान पिता स्व. जीवन सिंह चौहान से दिनांक 13 अप्रेल 2019 को 20 हजार रूपये दिया वहीं राजेश सिंह चौहान पिता कोमल सिंह चौहान से दिनांक 22 जुलाई को अकाउन्ट नम्बर 031801525340 में जमा कराया। आरोपी ने अन्य लोगों से भी कुल राशि 60600 रू. है कुछ अन्य लोगों भी रूपये लेकर फायनेंस कंपनी से ऋण दिलाने के नाम पर ठगी कर फरार हो गया । इस तरह से कुल 2 लाख 82 हजार 500 रूपये बेरोजगार युवक-युवतियों से ऋण दिलाने के नाम पर ठगी किये जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया गया।

## मुख्यमंत्री को वन मंत्री ने कैम्पा निधि के अंतर्गत 5 हजार 792 करोड़ की राशि का चेक सौंपा

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने मुलाकात कर प्रतीकात्मक वनरोपण निधि के अंतर्गत भारत सरकार से छत्तीसगढ़ को हस्तांतरित 5 हजार 791 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि का चेक सौंपा। इस दौरान वन मंत्री ने बताया कि इनमें क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के लिए एक हजार 86 करोड़ 91



लाख रूपए, केचमेंट एरिया ट्रीटमेंट प्लान के लिए 24 करोड़ 49 लाख और एकीकृत वन्यप्राणी प्रबंधन योजना के लिए 302 करोड़ 76 लाख रूपए की राशि शामिल है। इसके अलावा शुद्ध प्रत्याशा मूल्य के मद के अंतर्गत 3 हजार 749 करोड़ 63 लाख रूपए तथा ब्याज मद में 482 करोड़ 91 लाख रूपए की राशि शामिल है। इस राशि से कैम्पा के नियमों के अनुसार क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, वनो के विकास, वनों की उत्पादकता में वृद्धि और वन संरक्षण संबंधी कार्य किए जाएंगे। साथ ही राशि का उपयोग वन्यप्राणी प्रबंधन एवं संरक्षण, भू-जल संरक्षण, जैव विविधता तथा जैव संसाधनों के प्रबंधन और अधोसंरचना विकास आदि कार्यो में किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन आर.पी. मण्डल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, और मुख्य कार्यपालन अधिकारी कैम्पा व्ही. श्रीनिवास राव उपस्थित थे।

## कोरबा वन परिक्षेत्र में हाथियों ने मचाया उत्पात

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा वन मंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की देर शाम 39 हाथियों के झुंड ने बुंदेली सहित आसपास के ग्राम पंचायतों में लगे फसलों को बुरी तरह तबाह कर दिया है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक हाथियों ने लगभग एक दर्जन किसानों की फसलों को अपने पैरों तले रौंद दिया है जिससे किसान बहुत आहत हैं।



जानकारी के अनुसार हाथियों द्वारा लगभग 100000 से अधिक की फसलों को चौपट किया गया है। हाथियों द्वारा जिस तरह से क्षेत्र में उत्पात मचाया जा रहा है उससे किसानों का जीना दुश्वार हो गया है। किसान जहां दिन रात मेहनत कर अपनी फसलों को बढ़ा कर रहे थे। इस बीच हाथी खेतों में घुसकर उनकी फसलों को चट कर जा रहे हैं जिससे किसानों को लाखों की क्षति हो रही है। हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जाने को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है लेकिन इन हाथियों को रोक पाने में वन विभाग नाकाम दिख रही है। हालांकि वन विभाग द्वारा इन हाथियों को बेहतर रहवास देने के लिए लेमरू हाथी अभ्यारण बना रही है जिसकी राज्य शासन ने स्वीकृति भी दे दी है।

## 2, 3, 9, 12 व 13 सितंबर को मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में 2,3,9,12 व 13 सितंबर को मांस-मटन विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा।**

छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी रायपुर निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डो में स्थित सभी पशुवध गृहों, समस्त मांस-मटन विक्रय केन्द्रों को शतप्रतिशत रूप से गणेश चतुर्थी पर्व 2 सितम्बर, पर्युषण पर्व अंतिम दिवस 3 सितम्बर, डोल ग्यारस 9 सितम्बर, अनंत चतुर्दशी 12 सितम्बर, पर्युषण पर्व में संवत्सरी व उत्तम क्षमा 13 सितम्बर के पावन अवसर पर बंद रखने एवं मांस-मटन विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेष दिया है।

उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर नगर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल मांस- मटन जप्त करके संबंधित दुकानदार व व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## नक्सलियों ने सरपंच का गला रेतकर मौत के घाट उतारा

**» पैसा देने से इंकार करने और मीटिंग में न जाने से की हत्या**

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बीती रात नक्सलियों ने छोटेगुडरा गांव के सरपंच लखमा मंडावी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या का कारण नक्सलियों को पैसा नहीं देना और मीटिंग में शामिल नहीं होना बताया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात लगभग 11 बजे 10-15 हथियारबंद सशस्त्र नक्सलियों ने कुंआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेगुडरा में धावा बोल दिया। नक्सलियों ने सरपंच लखमाराम मंडावी को घर से बाहर निकाला और परिजनों व गांव वालों के समक्ष ही कुल्हाड़ी एवं गुप्ती जैसे परम्परागत हथियारों से गला रेत दिया। लखमा की मौके पर ही सांसे थम गयीं। नक्सलियों ने मौके पर परचा भी फेंका है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि, लखमा उन्हें पैसे नहीं देता था साथ ही मीटिंग में बुलाए जाने पर भी वह नहीं पहुंचता था। नक्सलियों ने लखमा पर पुलिस मुखबिर होने का भी आरोप लगाया है।

इधर चुनाव के ठीक पहले हुयी राजनीतिक हत्या से समूचे विधानसभा क्षेत्र में दशहत की लहर व्याप्त हो गयी है, जिसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

विदित हो कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी के विधायक भीमा मण्डावी की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी, फलस्वरूप अब आगामी 23 सिंतबर को उपचुनाव होना है, जिसमें दोनों शहीदों की पत्नियां ओजस्वी मंडावी भाजपा एवं देवती कर्मा कांग्रेस से उम्मीदवार घोषित की गयी हैं।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने वारदात की पुष्टि करते हुए बताया कि हत्या को मलांगिर एरिया कमेटी में सक्रिय नक्सली प्रदीप की स्माल एक्सन टीम ने अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि हत्या के बाद समूचे विधानसभा क्षेत्र में गश्त सर्चिंग तेज कर दी गयी है।

## बिग बॉस 13 में हुई भोजपुरी ऐक्ट्रेस स्वीटी छाबड़ा की एंट्री

कलर्स चैनल औरसलमान खान के बेहद चर्चित शो बिग बॉस के इस सीजन 13 के लिए भोजपुरी की 50 से ज्यादा फिल्मो में अभिनय कर चुकीं अभिनेत्री स्वीटी छाबड़ा को बिग बॉस के घर में मेहमान बनने का न्योता मिला है। सूत्रों की मानें तो स्वीटी छाबड़ा ने बिग बॉस के घर की मेहमान नवाजी जा यह निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। खबर है कि स्वीटी इन दिनों लगातार बिग बॉस की टीम से संपर्क में हैं और मेहमान बनने की तैयारी में जुटी हैं।

स्वीटी छाबड़ा के करीबी बताते हैं कि वह पूरी तरह से बिग बॉस 13 में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। स्वीटी कहती हैं कि इस बार बिग बॉस के घर में आग लगेगा। खबर है कि स्वीटी छाबड़ा से बिग बॉस की क्रिएटिव टीम ने संपर्क कर निमंत्रण दिया। स्वीटी से पहले बिग बॉस के घर में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री से भोजपूरी के मेगास्टार और गोरखपुर के सांसद रवि किशन, सुपरस्टार और दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, अभिनेता दिनेश लाल यादव ( निरहुआ ) और अभिनेत्री मोनालिसा जैसे कई स्टार शामिल हो चुके हैं।



भोजपुरी स्टार स्वीटी छाबडा के पास बैक टू बैक कई फिल्में हैं। स्वीटी छाबड़ा, भोजपुरी में मनोज तिवारी, रवि किशन और खेसारी लाल यादव जैसे सभी सुपरस्टार्स के साथ काम कर चुकी हैं। स्वीटी ने हिंदी फिल्म फंटूश में परेश रावल के साथ करियर की शुरुआत की थी। स्वीटी ने हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी और गुजराती फिल्मो में भी काम किया है। वह एक म्यूजिक विडियो में भी नजर आई थीं, जिसे स्टार सिंगर फाल्गुनी पाठक ने गाया था।

## मुंबई सागा में तीन अवतारों में नजर अएगी काजल अग्रवाल



आखिरकार ऐक्टर जॉन अब्राहम को अपनी अगली फिल्म के लिए लीड हिरोइन मिल ही गई। हम बात कर रहे हैं संजय गुप्ता की आने वाली फिल्म मुंबई सागा की, जिसमें जॉन लीड रोल में हैं। काफी वक्त से जॉन के ऑपोजिट एक हिरोइन की तलाश चल रही थी। यह तलाश अब ऐक्ट्रेस काजल अग्रवाल के रूप में जाकर पूरी हुई है। काजल अजय देवगन के साथ फिल्म सिंघम में काम कर चुकी हैं और उसमें उन्हें काफी पसंद किया गया था।


संजय गुप्ता ने कन्फर्म किया कि उन्होंने अपनी फिल्म के लिए काजल को साइन कर लिया है। उन्होंने कहा, मेरी गैंग्स्टर फिल्मों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उनमें फीमेल किरदार भी काफी मजबूत होते हैं। कैरेक्टर शुरुआत मे जॉन की गर्लफ्रेंड का है, जो बाद में उसकी वाइफ बन जाती है। इसलिए मुझे एक ऐसी ऐक्ट्रेस की तलाश थी जो 17 साल की कॉलेज जाने वाली लड़की का रोल निभा सके, एक वाइफ का रोल भी प्ले कर सके और फिर 30 साल की उम्र में एक मजबूत महिला का किरदार बखूबी निभा सके।

## शाम का व्यायाम सुबह की कसरत जितना लाभकारी, रिसर्च ने किया दावा

हाल ही में शोधकर्ताओं ने पाया है कि शाम का व्यायाम सुबह की कसरत के समान ही लाभकारी है. सेल मेटाबॉलिज्म जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि व्यायाम का प्रभाव दिन के अलग-अलग समय के आधार पर भिन्न हो सकता है.

**क्या कहते हैं शोधकर्ता–** डेनमार्क में कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर जोनास थ्यू ट्रीबक ने कहा, सुबह और शाम को किए गए व्यायाम के प्रभाव के बीच महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देते हैं और ये अंतर संभवतः शरीर के सर्केडियन क्लॉक द्वारा नियंत्रित होते हैं. ट्रीबक ने कहा, शाम का व्यायाम, समय की विस्तारित अवधि के लिए पूरे शरीर के ऊर्जा व्यय को बढ़ाता है.

**कैसे की गई रिसर्च–** रिसर्च के लिए शोधकर्ताओं ने चूहों की जांच की और पाया कि सुबह व्यायाम करने से चूहों के कंकाल की मांसपेशियों में मेटाबॉलिक रिस्पॉन्स बढ़ जाता है, जबकि दिन में बाद में व्यायाम करने से समय की एक विस्तारित अवधि के लिए ऊर्जा व्यय बढ़ जाता है.



शोधकर्ताओं ने मांसपेशियों की कोशिकाओं में कई प्रभावों को मापा है, जिसमें ट्रांसक्रिप्शनल प्रतिक्रिया और मेटाबोलाइट्स पर प्रभाव शामिल हैं.

**रिसर्च के नतीजे–** रिसर्च के नतीजों में पाया गया कि सुबह व्यायाम करने के बाद दोनों क्षेत्रों में प्रतिक्रियाएं अधिक मजबूत होती हैं और यह एक केंद्रीय तंत्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जिसमें प्रोटीन एचआईएफ 1-अल्फा शामिल होता है, जो सीधे शरीर की सर्केडियन क्लॉक को नियंत्रित करता है.